ont>

Title: Need to provide better telephone facilities in Barmer and Jaisalmer districts, Rajasthan- Laid.

कर्नल(सेवानिवृत्त) सोना राम चौधरी (बाड़मेर): अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान, खासकर पश्चिमी राजस्थान के बाडमेर और जैसलमेर जिलों की वी.पी.टी. स्कीम के अन्तर्गत टेलीफोन प्रदान करने की अत्यंत धीमी गति की ओर दिलाना चाहता हूं।

1997-98 में सरकार ने घोाणा की थी कि पंचायत मुख्यालय सहित सारे गांवों को 2001-2002 तक वी.पी.टी. से जोड़ दिया जायेगा। पिछले 5-6 सालों में देश में टेलीकॉम का जाल बिछाने में बहुत तेजी से तरक्की हुयी है। कई राज्यों के सारे गांवों में वी.पी.टी की सुविधा दी जा चुकी है।

लेकिन वी.पी.टी सुविधा को लेकर राज्यों एवं जिलों में काफी असंतुलन है। राजस्थान देश के बड़े राज्यों में से एक है। इसके कुछ जिलों में तो 70 प्रतिशत वी.पी.टी दिये गये हैं जबकि बाडमेर व जैसलमेर के रेगिस्तानी जिलों में सिर्फ 45 प्रतिशत गांवों में वी.पी.टी दिये गये हैं।

अतः सरकार व संचार मंत्री से मेरा अनुरोध है कि बाडमेर व जैसलमेर जिले जो कि पाकिस्तान की सीमा पर हैं, रक्षा एवं सुरक्षा की दृटि से बहुत महत्वपूर्ण हैं, उनमें इस असंतुलन को कम करने के लिए उचित कार्यवाही करें, जिससे इस दूरदराज व पिछड़े भाग का उत्थान हो सके तथा डब्ल्यू.एल.एल. और अन्य साज सामान वर्ा 2003-2004 में बाउमेर व जैसलमेर जिले में प्रदान करें ताकि जिला स्तर पर वी.पी.टी. के असंतुलन को कम किया जा सके।